# TEST-07

Q1. भारत में लघु उद्योग की परिभाषा आधारित है-
**(A)** यूनिट द्वारा बिक्री पर
**(B)** मशीनों और उपस्करों में निवेश पर
**(C)** बाजार में व्याप्ति पर
**(D)** निर्यात क्षमता पर

Q2. एक "बंद अर्थव्यवस्था " वह अर्थव्यवस्था है जिसमें कि
**(A)** मुद्रा की आपूर्ति पूरी तरह से नियंत्रित की जाती है।
**(B)** घाटे का वित्तपोषण किया जाता है।
**(C)** केवल निर्यात होता है।
**(D)** न तो निर्यात और न ही आयात होता है।

Q3. भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास परिसंघ (TRIFED) की स्थापना कब की गई ?
**(A)** 1987 **(B)** 1985
**(C)** 1984 **(D)** 1991

Q4. निम्नलिखित में से कौन सा समष्टि अर्थशास्त्र (Macro Economics) में शामिल नहीं है?
**(A)** राष्ट्रीय आय
**(B)** बेरोजगारी
**(C)** किसी फर्म का उत्पादन
**(D)** मूल्य स्तर

Q5. थोक मूल्य सूचकांक (WPI) में सर्वाधिक भारांश किसका होता है?
**(A)** प्राथमिक उत्पाद
**(B)** ईंधन और ऊर्जा
**(C)** विनिर्मित वस्तुओं
**(D)** अन्य

Q6. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?
**(A)** समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (IRDP) - 1980
**(B)** हरित क्रांति - 1966-67
**(C)** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम - 1995
**(D)** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन - 2010

Q7. निम्नलिखित में से कौन सा हरित क्रांति का दुष्प्रभाव नहीं है?
**(A)** मृदा का अनुपजाऊ होना
**(B)** पर्यावरण हानि
**(C)** भौम जल स्तर का निम्नीकरण
**(D)** छोटे और बड़े कृषकों के मध्य आय असमानता में कमी

Q8. भारत सरकार द्वारा निर्धारित कौन सी अर्हता किसी कंपनी को स्टार्टअप कंपनी के रूप में वर्गीकृत किए जाने हेतु सही नहीं है?
1 - निगमन/ पंजीकरण की तिथि से 12 वर्ष की अवधि तक किसी कंपनी को स्टार्टअप माना जाएगा।
2 - पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी का वार्षिक टर्नओवर 100 करोड़ रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए।
**कूट -**
**(A)** 1
**(B)** 2
**(C)** 1 और 2 दोनों
**(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q9. भारतीय आर्थिक नियोजन में कौन सी पंचवर्षीय योजना अपनी निर्धारित समयावधि पूर्ण नहीं कर सकी ?
**(A)** चौथी **(B)** पांचवी
**(C)** छठी **(D)** सातवीं

Q10. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?
**(A)** मनरेगा - 2006
**(B)** भारत निर्माण योजना- 2005
**(C)** स्वावलंबन योजना - 2010
**(D)** स्मार्ट सिटी मिशन - 2014

Q11. भारत में नियोजन के दौरान रोलिंग प्लान (अनवरत योजना) को किसने लागू किया था?
**(A)** डी पी धर
**(B)** डी आर गाडगिल
**(C)** डी टी लाकड़ावाला
**(D)** के सी चक्रवर्ती

Q12. प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना में कौन सी योजना शामिल नहीं है?
**(A)** मेगा फूड पार्क योजना
**(B)** खाद्य सुरक्षा तथा गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना
**(C)** एग्रो -प्रोसेसिंग क्लस्टर्स का विकास
**(D)** फार्म मशीनरी बैंक योजना

Q13. राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन परियोजना कब प्रारंभ की गई थी?
**(A)** वर्ष 2018
**(B)** वर्ष 2019
**(C)** वर्ष 2020
**(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q14. प्रथम पंचवर्षीय योजना किस मॉडल पर आधारित थी?
**(A)** हैरड डोमार मॉडल
**(B)** पीसी महालनोविस मॉडल
**(C)** सुखमय चक्रवर्ती मॉडल
**(D)** जॉन डब्ल्यू मुलर मॉडल

Q15. भारत में नियोजन के दौरान कुल कितने वर्षों का योजनावकाश रहा है?
**(A)** 5 **(B)** 6
**(C)** 7 **(D)** 8

Q16. निम्नलिखित सेवाओं पर विचार कीजिए -
1. बैंकिंग
2. कम्यूनिकेशन
3. कोयला खनन
**उपर्युक्त में से कौन सी सेवाएं तृतीयक क्षेत्र की सेवाएं हैं -**
**(A)** 1 और 2
**(B)** 2 और 3
**(C)** 1 और 3
**(D)** 1, 2 और 3

Q17. स्टार्ट अप सेवाएं सामान्यतः निम्न में से किस क्षेत्रक से संबंधित हैं -
**(A)** प्राथमिक
**(B)** द्वितीयक
**(C)** तृतीयक
**(D)** इनमें से कोई नहीं

Q18. ई - कॉमर्स सेवा के अंग के रूप में निम्नलिखित में से कौन सा शामिल किया जाता है -
**(A)** उत्पाद की खरीद **(B)** भंडारण
**(C)** डिलीवरी **(D)** उपर्युक्त सभी

Q19. निम्नलिखित में से कौन सा ई कॉमर्स का प्रकार है -
**(A)** बिजनेस टू कंज्यूमर
**(B)** बिजनेस टू बिजनेस
**(C)** कंज्यूमर टू कंज्यूमर
**(D)** उपर्युक्त सभी

Q20. राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (NIIF) की स्थापना किस वर्ष की गई -
**(A)** 2015 **(B)** 2016
**(C)** 2017 **(D)** 2019

Q21. रतन पी वाटल समिति का संबंध निम्न में से किस से था -
**(A)** केंद्र राज्य संबंध
**(B)** कर सुधार
**(C)** डिजिटल भुगतान को बढ़ावा
**(D)** मौद्रिक ढांचे का मूल्यांकन

Q22. निम्न में से किस समिति की सिफारिशों के आधार पर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना की गई -
**(A)** रघुराम राजन समिति
**(B)** सुब्बाराव समिति
**(C)** राजा चेलैया समिति
**(D)** नरसिम्हन कार्य समूह

Q23. SEBI को निम्न में से किस श्रेणी में शामिल किया जाता है -
**(A)** बैंक
**(B)** बैंकिंग वित्तीय कंपनी
**(C)** गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी
**(D)** इनमें से कोई नहीं

Q24. ग्रीनेक्स निम्न में से किस वर्ष जारी किया गया था -
**(A)** 1992 **(B)** 1999
**(C)** 2006 **(D)** 2012

Q25. रक्षा सेवाओं पर व्यय निम्नलिखित में से किस व्यय के अंतर्गत शामिल किया जाता है -
**(A)** योजनागत व्यय
**(B)** गैर योजनागत व्यय
**(C)** उपर्युक्त दोनों
**(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q26. किसी कंपनी को मिनी रत्न श्रेणी में शामिल करने हेतु निम्न में से कौन सा आधार देखा जाता है -
1. कंपनी का आकार
2. वित्तीय स्थिति
3. संचालन
**उपर्युक्त के अनुसार सही विकल्प है -**
**(A)** 1 और 2
**(B)** 2 और 3
**(C)** 1 और 3
**(D)** 1, 2 और 3

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q27. किसी कंपनी को महारत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त करने हेतु निम्न में से कौन सी आवश्यक शर्त नहीं है -
**(A)** पूर्व से मिनी रत्न का दर्जा प्राप्त हो
**(B)** भारतीय शेयर बाजार में पंजीकृत हो
**(C)** 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का औसत वार्षिक नेट वर्थ
**(D)** 5 हजार करोड़ रूपए से अधिक का औसत वार्षिक शुद्ध लाभ

Q28. निम्न में से कौन सी कम्पनी भारत में महारत्न दर्जा प्राप्त कंपनी नहीं है -
**(A)** BHEL **(B)** ONGC
**(C)** HAL **(D)** SAIL

Q29. ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) निम्नलिखित में से किस श्रेणी की कंपनी है -
**(A)** मिनी रत्न **(B)** नवरत्न
**(C)** महारत्न **(D)** इनमें से कोई नहीं

Q30. किसी राज्य के संदर्भ में निम्न स्थितियों पर विचार करें -
1. खराब अवसंरचना के साथ आर्थिक पिछड़ापन
2. पड़ोसी देश की सीमाओं के समीप स्थित होना
3. निम्न जनसंख्या घनत्व
**उपर्युक्त में से कौन से किसी राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने हेतु उचित आधार हो सकते हैं -**
**(A)** 1 और 2
**(B)** 2 और 3
**(C)** 1 और 3
**(D)** 1, 2 और 3

Q31. वित्त आयोग में शामिल होते हैं-
**(A)** अध्यक्ष तथा पांच अन्य सदस्य
**(B)** अध्यक्ष तथा चार अन्य सदस्य
**(C)** अध्यक्ष तथा दो अन्य सदस्य
**(D)** इनमें से कोई नहीं।

**Q3**2. वित्त आयोग के चार अन्य सदस्यों की योग्यताओं में शामिल नहीं है-
**(A)** किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश या इस पद के लिए योग्य व्यक्ति।
**(B)** ऐसा व्यक्ति जिसे भारत के लिए खायो वित्त मामलों का विशेष ज्ञान हो।
**(C)** ऐसा व्यक्ति जिसे प्रशासन और वित्तीय मामलों का व्यापक अनुभव हो।
**(D)** ऐसा व्यक्ति जिसने कम से कम 10 वर्षों तक न्यायाधीश के रूप में कार्य किया हो।

**Q3**3. 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष हैं-
**(A)** एनके सिंह
**(B)** वाईवी रेड्डी
**(C)** डॉ विजय केलकर
**(D)** इनमें से कोई नहीं।

**Q3**4. नीति आयोग की स्थापना की गई थी?
**(A)** 15 अगस्त 2014 को
**(B)** 15 अगस्त 2015 को
**(C)** 13 अगस्त 2014 को
**(D)** 1 जनवरी 2015 को

**Q3**5. नीति आयोग के पदेन सदस्यों में शामिल हैं-
**(A)** प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अधिकतम 5 सदस्य।
**(B)** प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अधिकतम 4 सदस्य।
**(C)** केंद्रीय रक्षा मंत्री।
**(D)** केंद्रीय गृहमंत्री।

**Q3**6. नीति आयोग के पूर्णकालिक सांगठनिक ढाँचे में प्रधानमंत्री के अध्यक्ष होने के अतिरिक्त अन्य संरचना इस प्रकार है -
1. उपाध्यक्ष।
2. सदस्य (पूर्णकालिक राज्यमंत्री के पद के समकक्ष)।
3. अंशकालिक सदस्य।
4. पदेन सदस्य।
5. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी।
6. सचिवालय।
**(A)** केवल 1, 3,4
**(B)** केवल 1, 2,5
**(C)** केवल 1,2,3,4
**(D)** सभी 1,2,3,4,5,6

**Q3**7. निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?
**(A)** प्रथम पंचवर्षीय योजना :-कृषि को प्राथमिकता
**(B)** द्वितीय पंचवर्षीय योजना:-औद्योगीकरण को प्राथमिकता
**(C)** तृतीय पंचवर्षीय योजना:-आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता।
**(D)** सभी सही सुमेलित हैं।

**Q3**8. किस पंचवर्षीय योजना के तहत 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया, तथा बफर स्टॉक की धारणा लागू हुई?
**(A)** प्रथम पंचवर्षीय योजना
**(B)** द्वितीय पंचवर्षीय योजना
**(C)** तृतीय पंचवर्षीय योजना
**(D)** चतुर्थ पंचवर्षीय योजना।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**Q39.** बजट अनुमान 2023-24 के अनुसार "महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम" के लिए परिव्यय का अनुमान है-
**(A)** 73000 करोड़ रुपए
**(B)** 60000 करोड रुपए
**(C)** 70000 करोड़ रुपए
**(D)** इनमें से कोई नहीं

Q40. रोलिंग प्लान, की अवधारणा कब लागू हुई थी?
**(A)** वर्ष 1978 में
**(B)** वर्ष 1975 में
**(C)** वर्ष 1976 में
**(D)** इनमें से कोई नहीं।

Q41. उस नीति का नाम बताएं जो सरकार के व्यय और कराधान नीतियों की व्याख्या करता है?
**(A)** मौद्रिक नीति
**(B)** राजकोषीय नीति
**(C)** श्रम बाजार नीतियां
**(D)** वाणिज्यिक नीति

Q42. राजकोषीय नीति से संबंधित असत्य कथन की पहचान कीजिए-
**(A)** इस नीति का निर्धारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा होता है
**(B)** इस नीति में सार्वजनिक आय और व्यय की बात की जाती है
**(C)** इसका प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से जनता की क्रय शक्ति पर पड़ता है।
**(D)** इसका परिणाम तत्कालिक होता है

Q43. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कर प्रणाली के अंतर्गत शामिल नहीं है?
**(A)** अनुपातिक कर प्रणाली
**(B)** प्रगतिशील कर प्रणाली
**(C)** प्रत्यक्ष कर प्रणाली
**(D)** उर्ध्वगामी कर प्रणाली

Q44. निम्नलिखित में से किस राजकोषीय नीति का उपयोग अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने के लिए उपयोग में लाया जाता है?
**(A)** बेरोजगारी बीमा लाभ के लिए भुगतान करना
**(B)** सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों के लिए पेंशन का भुगतान करना
**(C)** राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण पर खर्च करने के लिए अधिक पूंजी आवंटित करना
**(D)** अर्थव्यवस्था के भीतर धन की आपूर्ति में कमी

Q45. कर के साथ कर आधार पर ही किसी विशेष प्रयोजन के लिए लगाया जाने वाला कर कहलाता है?
**(A)** अधिभार
**(B)** उपकर
**(C)** मूल्यवर्धन कर (VAT)
**(D)** सेवा कर

Q46. सरकारी व्यय को नियंत्रित करने का मुख्य प्राधिकारी कौन है?
**(A)** नीति आयोग
**(B)** भारतीय रिजर्व बैंक
**(C)** वित्त मंत्रालय
**(D)** वित्त आयोग

Q47. निम्नलिखित में से कौन-सा कर केंद्र सरकार के अंतर्गत नहीं आता?
**(A)** उपहार कर **(B)** निगम कर
**(C)** परिवहन कर **(D)** सीमा शुल्क

Q48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1- लाभांश कर
2- टोल टैक्स
3- व्यय कर
**उपर्युक्त कथनों में से प्रत्यक्ष कर की पहचान कीजिए-**
**(A)** 1 और 2
**(B)** 1 और 3
**(C)** 2 और 3
**(D)** 1, 2 और 3

Q49. निम्नलिखित फसलों में से कौन सी फसल शीत ऋतु की फसल मानी जाती है?
**(A)** जौ **(B)** सोयाबीन
**(C)** कपास **(D)** तरबूज

Q50. निम्नलिखित कथनों में से सत्य कथन की पहचान कीजिए-
1- चाय, रबड़, आलू व्यापारिक फसलें हैं।
2- सुपारी, काजू, चाय एवं रबड़ बागानी फसलें हैं।
3- कुसुम, तंबाकू, गन्ना रोधी फसलें हैं।
**कूट:**
**(A)** 1 और 2
**(B)** 1 और 3
**(C)** 2 और 3
**(D)** 1, 2 और 3

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q51. भारत के शीर्ष खाद्यान्न उत्पादक राज्यों में से प्रथम स्थान पर कौन स्थित है?
**(A)** पंजाब
**(B)** मध्य प्रदेश
**(C)** राजस्थान
**(D)** उत्तर प्रदेश

Q52. निम्नलिखित समूहों में से 'श्री अन्न' किस समूह से संबंधित कृषि उत्पाद है?
**(A)** गेहूं, धान, मक्का
**(B)** गेहूं, कपास, सोयाबीन
**(C)** सावाँ, कोदो, कुटकी
**(D)** कपास, गन्ना, तंबाकू

Q53. 'कृषि वर्धक निधि' की स्थापना किस उद्देश्य के लिए किया गया है?
**(A)** किसानों की चुनौतियों के लिए समाधान उपलब्ध कराना
**(B)** कृषि से संबंधित अनुसंधान केंद्र स्थापित करना
**(C)** कृषि जोतों में वृद्धि करना
**(D)** फसल क्रांति को बढ़ावा देना

Q54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कर सत्य कथन की पहचान कीजिए-
1- कृषि लागत एवं कीमत आयोग द्वारा सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सलाह प्रदान किया जाता है।
2- वर्तमान में 22 फसलों के लिए आयोग न्यूनतम समर्थन मूल्य की संस्तुति करता है।
**कूट:**
**(A)** केवल 1
**(B)** केवल 2
**(C)** 1 और 2
**(D)** न ही 1 और न ही 2

Q55. वर्तमान में भारत का कृषि निर्यात में स्थान है-
**(A)** 10 वाँ **(B)** 11 वाँ
**(C)** 12 वाँ **(D)** 13 वाँ

Q56. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
**(A)** ओलेरीकल्चर- सब्जियों की व्यापारिक कृषि
**(B)** विटीकल्चर- व्यापारिक स्तर पर अंगूर उत्पादन
**(C)** मेरीकल्चर- घोड़ों एवं खच्चरों का व्यापारिक स्तर पर पालन
**(D)** आर्बोरीकल्चर- वृक्षों तथा झाड़ियों की कृषि

Q57. असत्य कथन की पहचान कीजिए-
**(A)** नींबू में 'लिटिल लीफ' रोग ताँबा (Cu) की कमी से
**(B)** धान का खैरा रोग जस्ता (Zn) की कमी से
**(C)** पौधों में वृद्धि के लिए नाइट्रोजन का जिम्मेदार होना
**(D)** क्लोरोफिल में मुख्य तत्व मैग्नीज है

Q58. निम्नलिखित में से ऊन उत्पादन के लिए सुप्रसिद्ध बकरी की प्रजाति है-
**(A)** जमुनापारी **(B)** अंगोरा
**(C)** मेरिनो **(D)** एंग्लो-नूबियन

Q59. गैर - निष्पादक परिसंपत्तियां (NPA) किसे कहा जाता है ?
**(A)** 60 दिन या उससे अधिक दिनों से बकाया मूलधन या ब्याज
**(B)** 90 दिन या उससे अधिक दिनों से बकाया मूलधन या ब्याज
**(C)** 180 दिन या उससे अधिक दिनों से बकाया मूलधन या ब्याज
**(D)** 360 दिन या उससे अधिक दिनों से बकाया मूलधन या ब्याज

Q60. 'EASE सुधार एजेंडा' किस वित्तीय संस्था में सुधार हेतु लागू किया गया ?
**(A)** सार्वजनिक क्षेत्रक बैंक
**(B)** निजी वाणिज्यिक बैंक
**(C)** गैर - बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (NBFC)
**(D)** अर्बन कॉपरेटिव बैंक

Q61. प्रधानमंत्री जनधन योजना कब प्रारंभ की गई ?
**(A)** 2016
**(B)** 2014
**(C)** 2015
**(D)** 2017

Q62. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना किस आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए लागू की गई है ?
**(A)** 18-40
**(B)** 18-50
**(C)** 18-60
**(D)** 18-70

Q63. सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को अपने ऋण का कितने प्रतिशत प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों (Priority Sector) को प्रदान करना अनिवार्य होता है ?
**(A)** 30% **(B)** 40%
**(C)** 50% **(D)** 20%

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q64. विभेदीकरण बैंकिंग प्रणाली(Differentiated Banking System) का विचार किस समिति के द्वारा दिया गया?
**(A)** बिमल जालान समिति
**(B)** उर्जित पटेल समिति
**(C)** नचिकेत मोर समिति
**(D)** रतन पी वाटल समिति

Q65. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?
**(A)** नगद आरक्षित अनुपात (CRR) में कमी मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि लाती है।
**(B)** रेपो रेट में वृद्धि मुद्रा आपूर्ति में कमी लाती है।
**(C)** रिवर्स रेपो रेट में वृद्धि मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि लाती है।
**(D)** बैंक दर में कमी मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि लाती है।

Q66. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में सर्वाधिक हिस्सेदारी किसकी होती है ?
**(A)** केंद्र सरकार
**(B)** राज्य सरकार
**(C)** प्रमोटर बैंक
**(D)** निजी क्षेत्र

Q67. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) का मुख्यालय कहां स्थित है ?
**(A)** मुंबई **(B)** इंदौर
**(C)** कोलकाता **(D)** लखनऊ

Q68. मौद्रिक नीति समिति (MPC) का अध्यक्ष कौन होता है ?
**(A)** वित्त मंत्री
**(B)** प्रधानमंत्री
**(C)** भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर
**(D)** वित्त सचिव

Q69. वित्तीय समावेशन सूचकांक (FII) किसके द्वारा जारी किया जाता है ?
**(A)** वित्त मंत्रालय
**(B)** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय
**(C)** नीति आयोग
**(D)** भारतीय रिजर्व बैंक

Q70. निम्नलिखित में से कौन सा फिएट मनी का उदाहरण है ?
**(A)** करेंसी नोट **(B)** ड्राफ्ट
**(C)** चेक **(D)** बिल

Q71. निम्न में कौन सी रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा जारी नहीं की जाती?
**(A)** वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक
**(B)** विश्व विकास रिपोर्ट
**(C)** ईज ऑफ़ डूइंग बिजिनेस रिपोर्ट
**(D)** अर्द्ध वार्षिक वैश्विक आर्थिक सम्भावना रिपोर्ट

Q72. भुगतान संतुलन के चालू खाते में निर्यात की कौन सी मदें सम्मिलित की जाती हैं?
**(A)** बीमा के प्रीमियम का भुगतान
**(B)** प्रवासियों द्वारा प्रेषित राशि
**(C)** व्यापारिक ऋणों का भुगतान
**(D)** उपर्युक्त सभी

Q73. भारत में रूपये को चालू खाते में विदेशी मुद्रा से पूर्णतः परिवर्तनीय कब किया गया?
**(A)** 1992 **(B)** 1994
**(C)** 1998 **(D)** 2000

Q74. भारत का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र( Export processing zones) कहाँ स्थापित किया गया?
**(A)** कांडला
**(B)** विशाखापत्तनम
**(C)** पारादीप
**(D)** हुगली

Q75. विशेष आहरण अधिकार (SDR) का सम्बन्ध किससे है?
**(A)** विश्व बैंक
**(B)** संयुक्त राष्ट्र संघ
**(C)** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष
**(D)** विश्व व्यापार संग़ठन

Q76. मुद्रा का अवमूल्यन (Devaluation) क्या होता है?
**(A)** विदेशी मुद्रा के सापेक्ष घरेलू मुद्रा का मूल्य गिरा देना
**(B)** विदेशी मुद्रा के सापेक्ष घरेलू मुद्रा का मूल्य बढ़ा देना
**(C)** मुद्रा का अधिक मात्रा में छापना
**(D)** आईएमएफ के पास अधिक रिजर्व ट्रेंच रखना

Q77. विदेश व्यापर नीति 2023 के तहत किस वर्ष तक भारत के समग्र निर्यात को 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है?
**(A)** 2028 **(B)** 2030
**(C)** 2035 **(D)** 2040

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q78. आर्थिक समीक्षा 2022-23 के तहत भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अन्तर्वाह में शीर्ष निवेशकर्ता देश कौन सा है?
**(A)** सिंगापुर
**(B)** मॉरीशस
**(C)** यू. ए. ई.
**(D)** यू. एस. ए.

Q79. विश्व बैंक के तहत 2022 में विदेशों से भेजे जाने वाले धन में शीर्ष 'धन प्रेषण' प्राप्तकर्ता देश कौन सा है?
**(A)** अमेरिका **(B)** चीन
**(C)** सिंगापुर **(D)** भारत

Q80. देशों के प्रतिकूल भुगतान संतुलन को ठीक करने के लिए अल्पकालीन सहायता कौन सी संस्था सहायता करती है?
**(A)** विश्व बैंक
**(B)** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष
**(C)** अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवम् विकास बैंक
**(D)** अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम

Q81. निम्न कथनों पर विचार कीजिए।
1. शंघाई सहयोग संगठन का मुख्यालय बीजिंग में है।
2. भारत इसकी स्थापना से इसका सदस्य है।
**उपर्युक्त में से कौन से/ सा कथन सत्य है।**
**(A)** केवल 1
**(B)** केवल 2
**(C)** दोनों सही
**(D)** दोनों गलत

Q82. बौद्धिक सम्पदा अधिकार से सम्बंधित व्यापार की निगरानी कौन करता है?
**(A)** विश्व व्यापार संगठन
**(B)** अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम
**(C)** नाबार्ड
**(D)** संयुक्त राष्ट्र संगठन

Q83. सार्क (SAARC) की स्थापना कब हुई थी?
**(A)** 1975 **(B)** 1985
**(C)** 1992 **(D)** 1998

Q84. निम्न में कौन सुमेलित नहीं है?
**संगठन - मुख्यालय**
**(A)** आसियान - जकार्ता
**(B)** बिम्सटेक - ढाका
**(C)** अंकटाड - जिनेवा
**(D)** एशियाई विकास बैंक - बीजिंग

Q85. निम्न कथनों पर विचार कीजिए।
1. G-20 की स्थापना 1999 में हुई थी
2. हाल ही में इसका 2023 का सम्मेलन भारत में हुआ।
**उपर्युक्त में से कौन से कथन सत्य हैं?**
**(A)** केवल 1
**(B)** केवल 2
**(C)** दोनों सही
**(D)** दोनों गलत

Q86. सामान्यतः निम्नलिखित में से किस प्रकार की बेरोजगारी की कृषि के क्षेत्र में प्रधानता है?
**(A)** ऐच्छिक बेरोजगारी
**(B)** चक्रीय बेरोजगारी
**(C)** प्रच्छन्न बेरोजगारी
**(D)** संरचनात्मक बेरोजगारी

Q87. बाजार की दशाओं, मांग और पूर्ति की शक्तियों में परिवर्तन के कारण निम्नलिखित में से किस प्रकार की परिवर्तन उत्तपन्न होती है?
**(A)** घर्षनात्मक बेरोजगारी
**(B)** शहरी बेरोजगारी
**(C)** मौसमी बेरोजगारी
**(D)** चक्रीय बेरोजगारी

Q88. अर्थव्यवस्था में तेजी और मंदी के कारण निम्नलिखित में से किस प्रकार की बेरोजगारी उत्तपन्न होती है?
**(A)** मौसमी बेरोजगारी
**(B)** चक्रीय बेरोजगारी
**(C)** अदृश्य बेरोजगारी
**(D)** उपर्युक्त में से कोई नही

Q89. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1- विकासशील देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में अल्परोजगार की स्थिति देखने को मिलती है।
2- विकसित देशों में बेरोजगारी का मूल कारण मांग या व्यय का आभाव होता है।
**उपर्युक्त में सही कथन है-**
**(A)** दोनो कथन सत्य है
**(B)** केवल 1 सत्य है।
**(C)** दोनो कथन गलत हैं
**(D)** केवल कथन 2 गलत है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q90. भारत में गरीबी को परिभाषित किया गया है -
**(A)** परिवार की आय से
**(B)** कैलोरी प्राप्ति से
**(C)** लोगों के जीवन स्तर से
**(D)** परिवार में सदस्य के आधार पर

Q91. **कथन-** जब विकास दर ऊंची होती है,शिक्षित बेरोजगारी भी बढ़ती है।
**कारण-** ऐसा तभी होता है, जब व्यवसायिक शिक्षा की कमी होती है
कूट-
**(A)** कथन और कारण दोनो सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या नही करता है।
**(B)** कथन सत्य है, कारण असत्य है।
**(C)** कथन असत्य है, कारण सत्य है।
**(D)** कथन, कारण दोनो सत्य है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

Q92. निम्नलिखित में से किस एक से समावेशित विकास को बढ़ाने की आशा नही की जा सकती है?
**(A)** ग्रामीण विकास
**(B)** कृषकों की पर्याप्त साख
**(C)** राष्ट्रीय आय की ऊंची दर
**(D)** कृषि विकास

Q93. निम्नलिखित में से कौन सा सूचकांक भारत मे गरीबी की तीव्रता की माप करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है-
**(A)** लिंग असमानता सूचकांक
**(B)** मानव विकास सूचकांक
**(C)** मानव गरीबी सूचकांक
**(D)** बहुआयामी गरीबी सूचकांक

Q94. निम्नलिखित में से किस समिति की सिफारिश पर राष्ट्रीय एक्सचेंज स्टॉक की स्थापना हुई थी?
**(A)** फेरवानी समिति
**(B)** निकोलसन समिति
**(C)** सुब्रमण्यम समिति
**(D)** तेंदुलकर समिति

Q95. मुंबई स्टॉक एक्सचेंज में संवेदी शेयर सूचकांक की संख्या है?
**(A)** 25
**(B)** 30
**(C)** 50
**(D)** 100

Q96. शेयर बाजार में चलने वाले कारोबार को नियंत्रित और विनियमित किया जाता है-
**(A)** RBI द्वारा
**(B)** वित्त मंत्रालय द्वारा
**(C)** सेबी द्वारा
**(D)** NSE द्वारा

Q97. भारत मे इरडा( IRDA) निम्नलिखित में से किस कार्य को विनियमित करता है?
**(A)** बीमा व्यवसाय को
**(B)** आयात निर्यात को
**(C)** बैंकिंग व्यवसाय को
**(D)** पूंजी बाजार को

Q98. भारत मे किस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए SIDBI( सिडबी) की स्थापना की गई थी?
**(A)** कृषकों की सहायता के लिए
**(B)** लघु उद्योगों की वित्तीय सहायता के लिए
**(C)** बैंकों के नियमन के लिए
**(D)** शिक्षा के लिए ऋण प्रदान करने के लिए

Q99. सूक्ष्म ,लघु एवं मध्यम उपक्रमो की सहायता के लिए निम्नलिखित में से कौन सी हेल्पलाइन स्थापित की गई है?
**(A)** उद्यमी हेल्प लाइन
**(B)** सहायता हेल्प लाइन
**(C)** प्रोत्साहन हेल्पलाइन
**(D)** उपर्युक्त में से सभी

Q100. भारतीय यूनिट ट्रस्ट का उद्देश्य है-
**(A)** लोगों की बचत को एकत्र करना
**(B)** अपनी आय का लाभ लघु विनियोजको को प्रदान करना
**(C)** धन को संवर्धित करके औद्योगिक विकास को संवर्धित करना।
**(D)** उपर्युक्त सभी

Q101. निम्नलिखित में से किस उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी किया जाता है?
**(A)** CPI(IW) **(B)** CPI(AL)
**(C)** CPI(RL) **(D)** CPI(Rural/Urban)

Q102. किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के साथ बेरोजगारी दर में वृद्धि को क्या कहा जाता है?
**(A)** स्टैगफ्लेशन **(B)** डिसन्फ्लेशन
**(C)** डिफ्लेशन **(D)** डिसइन्फ्लेशन

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q103. निम्नलिखित में से कौन सा लागत जन्य मुद्रास्फीति(CastPull Inflation) का कारक है ?
**(A)** मुद्रा पूर्ति में वृद्धि
**(B)** कर में कमी
**(C)** सार्वजनिक खर्च में वृद्धि
**(D)** मजदूरी दर में बढ़ोत्तरी

Q104. निम्नलिखित में से किस वर्ग पर मुद्रास्फीति का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है?
**(A)** ऋणदाता **(B)** उपभोक्ता
**(C)** स्थिर आय समूह **(D)** उत्पादक

Q105. किस वक्र के द्वारा मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के मध्य विपरीत संबंध दर्शाया जाता है ?
**(A)** फ्रीडमैन वक्र **(B)** फिलिप्स वक्र
**(C)** फ्रीडमैन वक्र **(D)** फ्रेजर वक्र

Q106. मुद्रास्फीति की दर में किस वार्षिक वृद्धि को हाइपर मुद्रास्फीति कहा जाता है?
**(A)** एक अंकीय **(B)** दो अंकीय
**(C)** चार अंकीय **(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q107. वर्तमान में भारत में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लक्षित मुद्रास्फीति कितनी है?
**(A)** 3% **(B)** 4%
**(C)** 5% **(D)** 6%

Q108. देश का प्रथम पर्यावरण अनुकूल शेयर सूचकांक ग्रीनेक्स किसके द्वारा जारी किया जाता है?
**(A)** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज
**(B)** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज
**(C)** ओवर द काउंटर एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया
**(D)** इंडिया आई एन एक्स

Q109. जिन शेयरों का क्रय विक्रय नियमित रूप से प्रतिदिन शेयर बाजार में होता है ऐसे शेयर कहलाते हैं ?
**(A)** राइट शेयर **(B)** एक्टिव शेयर
**(C)** बोनस शेयर **(D)** कंट्रेरियन शेयर

Q110. मौद्रिक नीति के तहत रिजर्व बैंक द्वारा प्रयुक्त गुणात्मक साख नियंत्रण के उपायों में कौन-सा शामिल नहीं है?
**(A)** नैतिक दबाव
**(B)** प्राथमिकता क्षेत्र के लिए ऋण
**(C)** सीधी कार्यवाही
**(D)** तरलता समायोजना सुविधा

Q111. सूची -1 तथा सूची -2 को सुमेलित कीजिए –

| सूची -1 | सूची -2 |
|---|---|
| **A. प्रधानमंत्री वय वंदन योजना** | **1. दिसम्बर, 2016** |
| **B. किसान मान – धन योजना** | **2. मई, 2017** |
| **C. प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना** | **3. सितम्बर, 2019** |
| **D. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना** | **4. जून, 2020** |

**कूट:**
**A B C D**
**(A)** 2 1 4 3
**(B)** 1 2 3 4
**(C)** 2 3 4 1
**(D)** 3 2 1 4

Q112. आयुष्मान भारत योजना के तहत कितने रुपये तक की बीमा राशि प्रति परिवार प्रदान करने का प्रावधान है?
**(A)** 2 लाख **(B)** 5 लाख
**(C)** 8 लाख **(D)** 10 लाख

Q113. निम्न कथनों पर विचार कीजिए –
1. सुकन्या समृद्धि योजना का संबंध बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं से है।
2. सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत एक निश्चित ब्याज दर खाते में जमा राशि पर दी जाती है, जो अपरिवर्तित रहती है।
**उपर्युक्त कथनों के आधार पर कौन सा कथन असत्य है?**
**(A)** केवल 1 **(B)** केवल 2
**(C)** 1 और 2 दोनों **(D)** न तो 1, न तो 2

Q114. पी.एम. श्री. योजना की शुरात कब हुई ?
**(A)** 14 अप्रैल 2022
**(B)** 5 सितम्बर, 2022
**(C)** 16 अक्टूबर, 2022
**(D)** 25 दिसम्बर, 2022

Q115. सूची -1 तथा सूची -2 को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन कीजिए –

| सूची -1 | सूची -2 |
|---|---|
| **A. उज्जवला योजना** | **1. 30 अगस्त, 2015** |
| **B. निर्विक योजना** | **2. 22 सितम्बर, 2015** |
| **C. तेजस्विनी योजना** | **3. 1 मई 2016** |
| **D. सहज योजना** | **4. 14 सितम्बर, 2019** |

**कूट:**
**A B C D**
**(A)** 1 3 4 2
**(B)** 3 4 2 1
**(C)** 4 3 1 2
**(D)** 2 3 1 4

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q116. सुमेलित नहीं है -
**(A)** पी.एम. स्वामित्व योजना - अप्रैल, 2021
**(B)** उड़ान योजना - अप्रैल, 2016
**(C)** स्टैण्ड अप इण्डिया - अप्रैल, 2016
**(D)** स्टार्ट अप इण्डिया - जनवरी 2016

Q117. एरो योजना का संबंध है -
**(A)** एक्सप्रेस वे से
**(B)** जल संसाधन से
**(C)** डाकघरों से
**(D)** भौतिक अवसंरचना से

Q118. 'आरोग्य श्री ' योजना का संबंध किस प्रदेश से है।-
**(A)** मध्य प्रदेश **(B)** असोम
**(C)** उत्तर प्रदेश **(D)** महाराष्ट्र

Q119. जल जीवन मिशन (शहरी) से संबंधित निम्न कथनों पर विचार करें –
1. शहरी स्थानीय निकायों में सार्वभौमिक जलापूर्ति करना।
2. 2.86 करोड़ परिवारों को नल कनेक्शन देना।
**उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्न में से कौन सा विकल्प सही है -**
**(A)** केवल 1 **(B)** केवल 2
**(C)** 1 और 2 दोनों **(D)** न तो 1, न तो 2

Q120. निम्न मे से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है -
**(A)** जननी सुरक्षा योजना – अप्रैल - 2005
**(B)** जन श्री बीमा योजना – अगस्त 2000
**(C)** अटल पेंशन योजना – जून, 2015
**(D)** सौभाग्य योजना – सितम्बर, 2019

Q121. प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए –
1. 4.22 करोड़ की जनसंख्या को कवर करने वाले महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले गांवों को आदर्श ग्राम में रुपांतरित करना।
2. यह योजना विकास के 8 क्षेत्रों में प्रमुखता से कमियों को कम करने की परिकल्पना करती है।
**नीचे दिए गए कूट के आधार पर कौन सा कथन सत्य है –**
**कूट:**
**(A)** केवल 1 **(B)** केवल 2
**(C)** 1 और 2 दोनों **(D)** न तो 1, न तो 2

Q122. भाग्य लक्ष्मी योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है?
**(A)** 10 हजार रुपये **(B)** 20 हजार रुपये
**(C)** 50 हजार रुपये **(D)** 1 लाख रुपये

**Q**123. केंद्रीय बजट 2023-24 के "अमृत काल के लिए विजन" के अंतर्गत शामिल है-
**(A)** युवा वर्ग पर विशेष ध्यान देते हुए नागरिकों के लिए अवसर।
**(B)** रोजगार सृजन में वृद्धि।
**(C)** सुदृढ़ और स्थिर वृहद आर्थिक वातावरण।
**(D)** उपर्युक्त सभी।

**Q**124. केंद्रीय बजट 2023- 24 के अनुसार "अमृत काल सप्तर्षि प्राथमिकताओं" में शामिल नहीं है-
**(A)** समावेशी विकास **(B)** युवा शक्ति
**(C)** अवसंरचना और निवेश **(D)** नारी सशक्तिकरण।

**Q**125. हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट के अंतर्गत भारत को मिलेट का वैश्विक केंद्र बनाने के उद्देश्य से कौन सी योजना शुरू करने की घोषणा की गई है?
**(A)** फ्री अन्न योजना **(B)** श्री अन्न योजना
**(C)** उपर्युक्त दोनों **(D)** इनमें से कोई नहीं।

**Q**126. केंद्रीय बजट 2023 -24 के अनुसार "उपलब्धियां- समावेशी विकास" के तहत अब तक कितने ग्रामीण घरों को पेयजल कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है?
**(A)** 9 करोड़ **(B)** 10 करोड़
**(C)** 11 करोड़ **(D)** 5 करोड़

**Q**127. हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2023- 24 के तहत रक्षा मंत्रालय हेतु कुल कितने लाख करोड़ रुपए आवंटित किए जाने का प्रावधान है ?
**(A)** 2.70 लाख करोड़ रुपए
**(B)** 1.96 लाख करोड़ रुपए
**(C)** 5.94 लाख करोड़ रुपए
**(D)** इनमें से कोई नहीं।

**Q**128. हाल ही में प्रस्तुत उत्तर प्रदेश बजट 2023- 24 के अनुसार, प्रदेश की कुल जनसंख्या है-
**(A)** 16 करोड़ **(B)** 19 करोड़
**(C)** 24 करोड़ **(D)** 121 करोड़।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**Q129.** वित्तीय वर्ष 2023- 24 के बजट अनुमानों के आधार पर देश की जीडीपी में उत्तर प्रदेश का योगदान है-

**(A)** 10% **(B)** 8%
**(C)** 6% **(D)** 7%

**Q130.** केंद्रीय बजट 2023 -24 के अनुसार, देश को "निवल शून्य कार्बन उत्सर्जन" बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है-

**(A)** वर्ष 2047 तक **(B)** वर्ष 2070 तक
**(C)** वर्ष 2050 तक **(D)** इनमें से कोई नहीं।

**Q131.** केंद्रीय बजट 2023 -24 के अनुसार, हाल ही में आकांक्षी जिले कार्यक्रम की सफलता को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम शुरू किया है, इसके अंतर्गत कुल कितने ब्लॉकों को कवर करने की योजना है?

**(A)** 500 **(B)** 600
**(C)** 700 **(D)** 800

**Q132.** उत्तर प्रदेश बजट 2023- 24 के अनुसार "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना" प्रदेश के कितने जनपदों में संचालित की जा रही है?

**(A)** 75 **(B)** 72
**(C)** 71 **(D)** 70

Q133. आर्थिक समीक्षा 2022– 23 के अनुसार वर्ष 2021 में सेवा निर्यात में भारत की हिस्सेदारी विश्व के कुल सेवा निर्यात का कितने प्रतिशत रही?

**(A)** 3% **(B)** 4%
**(C)** 5% **(D)** 6%

Q134. आर्थिक समाचार 2022 23 के अनुसार वर्ष 2022 के दौरान शीर्ष से कम होते हुए विदेशी मुद्रा प्राप्तकर्ता देश समूह थे?

**(A)** भारत, मेक्सिको,चीन ,फिलीपींस
**(B)** मैक्सिको ,भारत, चीन ,फिलीपींस
**(C)** भारत ,मैक्सिको, चीन, मिस्र
**(D)** भारत, चीन ,मेक्सिको, फिलिपींस

Q135. आर्थिक समीक्षा 2022– 23 के अनुसार वर्ष 2023 को किस का अंतरराष्ट्रीय वर्ष घोषित किया गया है?

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय चावल वर्ष
**(B)** अंतर्राष्ट्रीय जैविक कृषि वर्ष
**(C)** पौष्टिक अनाजों के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष
**(D)** दलहन के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष

Q136. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
1. भारत दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है।
2. भारत अंडा उत्पादन में विश्व में तीसरे स्थान पर है।
3. भारत मांस उत्पादन में विश्व में आठवें स्थान पर है।
**निम्नलिखित में सही कथन है–**

**(A)** 1,2 सही है,
**(B)** 1,3 सही है।
**(C)** 1,2,3 सही है।
**(D)** सभी कथन गलत है।

Q137. देखो अपना देश पर्यटन योजना में भारत से कुल कितने स्थानों का चयन किया गया है?

**(A)** 24 **(B)** 50
**(C)** 101 **(D)** 75

Q138. निम्न में कौन सुमेलित हैं?
1. नाबार्ड की स्थापना - 1982
2. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक - 1985
3. 6 बैंकों का राष्ट्रीयकरण- 1980
**उपर्युक्त में से सही कूट का चयन करें।**

**(A)** केवल 1और 2
**(B)** केवल 1और 3
**(C)** केवल 2और 3
**(D)** तीनों सही

Q139. बहुआयामी निर्धनता सूचकांक में कितने संकेतकों को शामिल किया जाता है?

**(A)** 3 **(B)** 5
**(C)** 7 **(D)** 10

Q140. निम्न को सही कालक्रम में व्यवस्थित करिये।
1. योजना आयोग
2. राष्ट्रीय विकास परिषद
3. प्रथम पंचवर्षीय योजना की शुरुआत
**नीचे दिए कूट में सही विकल्प को चुनिये।**

**(A)** 1, 3 और 2
**(B)** 1, 2, और 3
**(C)** 2, 1 और 3
**(D)** 2, 3 और 1

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

## व्याख्यात्मक हल

1. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** लघु उद्योग एक औद्योगिक उपक्रम है जिसमें निवेश संयंत्र एवं मशीनरी में नियत परिसंपत्ति होती है चाहे उनकी धारित स्वामित्व के निबंधन पर हो या पट्टे या किराया खरीद पर हो एक करोड़ रुपए से अधिक नहीं होता है तथापि यह निवेश सीमा सरकार द्वारा समय-समय पर बदलती रहती है।

2. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** एक 'बंद अर्थव्यवस्था' वह अर्थव्यवस्था है, जिसमें बाहरी अर्थव्यवस्थाओं के साथ कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं की जाती है। अर्थव्यवस्था पूरी तरह से आत्मनिर्भर होती है, जिसका अर्थ है कि ना कोई निर्यात होता है और ना ही कोई आयात।

3. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** जनजातीय लोगों का शोषण करने वाले निजी व्यापरियों से छुटकारा दिलाने और उनके द्वारा तैयार की गई वस्तुओं का अच्छा मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने 1987 को TRIFED की स्थापना की।

4. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** किसी फर्म के उत्पादन का अध्ययन व्यष्टि अर्थशास्त्र के अंतर्गत शामिल किया जाता है। व्यक्तिगत इकाइयों जैसे फर्म, उपभोक्ता, श्रम आदि से संबंधित विषयों का अध्ययन व्यष्टि अर्थशास्त्र (Micro economics) कहलाता है जबकि विभिन्न व्यष्टि इकाइयों का सामूहिक अध्ययन जैसे - राष्ट्रीय आय,उत्पाद, बेरोजगारी, मूल्य स्तर का अध्ययन समष्टि अर्थशास्त्र (Macro Economics) कहलाता है।

5. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** थोक मूल्य सूचकांक (WPI) में सर्वाधिक भारांश विनिर्मित वस्तुओं (64.23%) का होता है जबकि प्राथमिक उत्पाद तथा ईंधन और ऊर्जा का भारांश क्रमशः 22.62% तथा 13.15% होता है।

6. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** विकल्प D गलत है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) का प्रारंभ वर्ष 2011 में किया गया था। अन्य सभी सुमेलित हैं।

7. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** विकल्प D गलत है। हरित क्रांति के दौरान कृषि के मशीनीकरण का लाभ बड़े कृषकों को अधिक हुआ जिसके कारण छोटे और बड़े कृषकों के मध्य आय असमानता में भरी वृद्धि हुई। अन्य सभी कथन सही हैं।

8. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) के अनुसार निम्नलिखित परिस्थितियों में किसी संस्था/कंपनी को स्टार्टअप माना जायेगा -
1 - निगमन/ पंजीकरण की तिथि से 10 वर्ष की अवधि तक ही किसी कंपनी को स्टार्टअप माना जाएगा इसके बाद उसे स्टार्टअप नहीं माना जायेगा।
2 - पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी का वार्षिक टर्नओवर 100 करोड़ रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए।
3 - ऐसी कंपनी जो प्रौद्योगिकी/ बौद्धिक संपदा से विकसित नवाचार, विकास, व्यवसायीकरण की दिशा में कार्य करती है।
***नोट - भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 में स्टार्टअप इंडिया पहल प्रारंभ की गई है।***

9. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** भारतीय आर्थिक नियोजन में पांचवी पंचवर्षीय योजना अपनी निर्धारित समयावधि पूर्ण नहीं कर सकी तथा अपने निर्धारित समयावधि (1 अप्रैल 1974 से 31 मार्च 1979) से 1 वर्ष पूर्व 31 मार्च 1978 को समाप्त कर दी गई।
नोट - यह पंचवर्षीय योजना डी. पी. धर मॉडल पर आधारित थी।

10. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** स्मार्ट सिटी मिशन का प्रारंभ वर्ष 2015 में हुआ था। अन्य सभी योजनाएं तथा उनके प्रारंभ वर्ष सही सुमेलित हैं।

11. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** रोलिंग प्लान (अनवरत योजना) का प्रतिपादन गुन्नार मिर्डल ने अपनी पुस्तक एशियन ड्रामा में किया था। भारत में नियोजन के दौरान रोलिंग प्लान (अनवरत योजना) को वर्ष 1978-80 के मध्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष प्रोफेसर
डी टी लाकड़ावाला ने लागू किया था।

12. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 में संपदा (scheme for agro-Marine processing and development of agro processing clusters) योजना प्रारंभ की गई थी जिसका वर्ष 2017 में नाम परिवर्तित कर प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना कर दिया गया। इसके अंतर्गत निम्नलिखित उप- योजनाएं में शामिल हैं-
1- मेगा फूड पार्क
2- एकीकृत कोल्डचेन तथा मूल्यवर्धन अवसंरचना
3- बैकवर्ड तथा फारवर्ड लिंकेज का विकास
4-एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर्स का विकास

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

5-खाद्य सुरक्षा तथा गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना
6-मानव संसाधन तथा संस्थान
7- खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमताओं का सृजन/विस्तार

13. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन परियोजना 15 अगस्त 2019 को घोषित की गई। इसका लक्ष्य अगले 5 वर्षों में अवसंरचना क्षेत्र में 102 लाख करोड़ रुपए के निवेश लक्ष्य के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को वर्ष 2025 तक 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना है।

14. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** प्रथम पंचवर्षीय योजना 1 अप्रैल 1951 से 31 मार्च 1956 तक जारी रही। यह योजना हैरड डोमार समृद्धि मॉडल पर आधारित थी जिसमें प्रमुख प्राथमिकता कृषि एवं सिंचाई क्षेत्र को दी गई।

15. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** भारत में नियोजन के दौरान कुल 6 वर्षों का योजनावकाश रहा है।
वर्ष 1966 से 1969- 3 वर्ष
वर्ष 1979 से 1980 - 1 वर्ष
वर्ष 1990 से 1992 - 2 वर्ष

16. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** तृतीयक क्षेत्रक के अंतर्गत ऐसी सेवाओं को शामिल किया जाता है जो प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्र के विकास में सहायक होती हैं। बैंकिंग, कम्यूनिकेशन, इंजीनियरिंग, उपभोक्ता सेवाएं इत्यादि प्रमुख तृतीयक क्षेत्रक सेवाएं हैं। कोयला खनन तृतीयक सेवा नहीं है।

17. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** स्टार्ट अप सेवाओं को तृतीयक सेवा क्षेत्रक के अंतर्गत शामिल किया जाता है। वर्तमान में भारत, USA और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट अप परितंत्र वाला देश है।

18. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** ई कॉमर्स सेवा के अंतर्गत किसी उत्पाद की खरीद, उसके भंडारण और डिलीवरी सभी को शामिल किया जाता है। ई कॉमर्स कंपनी खरीदारों एवं विक्रेताओं के बीच सुविधा प्रदाता के रूप में डिजिटल प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है।

19. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** ई कॉमर्स कंपनी वस्तुतः एक ऐसी कंपनी होती है जो उत्पादों की खरीद एवं डिलीवरी के लिए विक्रेता और खरीदारों के बीच डिजिटल प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है। दिए गए सभी प्रकार ई कॉमर्स से संबंधित प्रकार हैं।

20. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष की स्थापना दिसंबर 2015 में की गई थी। इसका उद्देश्य अवसंरचना क्षेत्र में ग्रीनफील्ड, ब्राउन फील्ड तथा रुकी हुई परियोजनाओं को निवेश मुहैया कराना है।

21. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** रतन पी वाटल समिति का संबंध डिजिटल भुगतान तंत्र को बढ़ावा देने से था। इस समिति का गठन वर्ष 2016 में किया गया था।

22. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** ग्रामीण बैंकिंग पर गठित नरसिम्हन कार्य समूह (1975) की सिफारिशों के आधार पर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम 1976 के द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना की गई।

23. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** SEBI (Securities and Exchange Board of India) एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जिसकी स्थापना वर्ष 1988 में की गई थी। यह भारत में प्रतिभूति एवं वित्त का नियामक बोर्ड है। इसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है।

24. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** ग्रीनेक्स को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के द्वारा वर्ष 2012 में जारी किया गया था। यह देश का पहला पर्यावरण अनुकूल शेयर सूचकांक है।

25. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** रक्षा सेवाओं पर व्यय एक अनिवार्य व्यय है इसलिए इसके लिए अलग से योजना बनाकर व्यय नही किया जाता है बल्कि इसे गैर योजनागत व्यय में शामिल किया जाता है।

26. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को मिनी रत्न, नव रत्न तथा महा रत्न की श्रेणी में शामिल किया जाता है। इन श्रेणियों में शामिल किए जाने हेतु कंपनी का आकार, उसकी वित्तीय स्थिति, संचालन इत्यादि मानकों का विश्लेषण किया जाता है।

27. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** भारत के किसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को महा रत्न श्रेणी में शामिल किए जाने हेतु निम्न शर्तों को पूरा करना आवश्यक है -
- उसे पूर्व से नव रत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त हो
- वह भारतीय शेयर बाजार में पंजीकृत हो
- उसका औसत वार्षिक नेट वर्थ 15 हजार करोड़ रूपए से अधिक हो
- उसका औसत वार्षिक शुद्ध लाभ 5 हजार करोड़ रूपए से अधिक हो

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

28. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL), ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ONGC) तथा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) भारत में महारत्न का दर्जा प्राप्त कंपनी है जबकि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) एक नवरत्न दर्जा प्राप्त कंपनी है।

29. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** ऑयल इंडिया लिमिटेड भारत की एक नवरत्न दर्जा प्राप्त कंपनी है। नवरत्न दर्जा प्राप्त करने के लिए किसी कंपनी को पूर्व से मिनी रत्न श्रेणी में शामिल होना चाहिए।

30. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** किसी राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने हेतु निम्न आधार हो सकते हैं -
• खराब अवसंरचना के साथ आर्थिक पिछड़ापन
• राज्य की पहाड़ी एवं दुरूह भौगोलिक स्थिति
• निम्न जनसंख्या घनत्व
• जनजातीय जनसंख्या की अधिकता
• रणनीतिक रूप से पड़ोसी देश की सीमाओं के समीप स्थित होना

31. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** भारत के संविधान में अनुच्छेद 280 के अंतर्गत एक अर्ध न्यायिक निकाय के रूप में वित्त आयोग की व्यवस्था की गई है। इसका गठन राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक 5 वर्ष (या आवश्यकतानुसार उसके पहले भी किया जा सकता है) पर किया जाता है। इसमें एक अध्यक्ष और 4 अन्य सदस्य होते हैं, जिनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इन सब का कार्यकाल राष्ट्रपति के आदेश के तहत तय होता है, तथा इनकी पुनः नियुक्ति भी हो सकती है।

32. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** संसद ने वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की विशेष योग्यताओं का निर्धारण किया है। अध्यक्ष सार्वजनिक मामलों का अनुभवी होना चाहिए और अन्य चार सदस्यों को निम्नलिखित में से चुना जाता है -

● किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश या इस पद के लिए योग्य व्यक्ति।

● ऐसा व्यक्ति जिसे भारत के लेखा एवं वित्त मामलों का विशेष ज्ञान हो।

● ऐसा व्यक्ति जिसे प्रशासन और वित्तीय मामलों का व्यापक अनुभव हो।

● ऐसा व्यक्ति जो अर्थशास्त्र का विशेष ज्ञाता हो।

स्पष्ट है इसके तहत 10 वर्षों तक न्यायाधीश के रूप में कार्य करना अनिवार्य नहीं है।

33. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** 15 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह हैं जिनकी नियुक्ति वर्ष 2017 में की गई थी। 15वें वित्त आयोग के रिपोर्ट जमा करने का वर्ष 2019 निर्धारित था, जबकि रिपोर्ट के क्रियान्वयन की अवधि वर्ष 2020 से 2025 के मध्य है। वाईवी रेड्डी 14वें वित्त आयोग के अध्यक्ष थे, जबकि डॉ विजय केलकर 13वें वित्त आयोग के अध्यक्ष थे।

34. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** 13 अगस्त 2014 को मोदी सरकार ने 65 वर्ष पुराने योजना आयोग को भंग करके इसके स्थान पर एक नए निकाय की स्थापना की घोषणा की। उसी के अनुरूप 1 जनवरी 2015 को नीति आयोग (नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) की स्थापना योजना आयोग के उत्तराधिकारी के रूप में की गई। नीति आयोग, योजना आयोग की ही तरह भारत सरकार के एक संकल्प पत्र द्वारा सृजित निकाय है। अतः यह न तो संवैधानिक है, और न ही वैधानिक निकाय। यह एक गैर संवैधानिक एवं गैर वैधानिक निकाय है।

35. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** नीति आयोग के पदेन सदस्यों में प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अधिकतम 4 सदस्य शामिल होते हैं। नीति आयोग का पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।

36. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** नीति आयोग का पूर्णकालिक सांगठनिक ढांचा इस प्रकार है-
1.अध्यक्ष, प्रधानमंत्री
2. उपाध्यक्ष, प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त, कैबिनेट मंत्री के समकक्ष।
3. सदस्य, पूर्णकालिक , राज्य मंत्री के समकक्ष।
4. अंशकालिक सदस्य, अधिकतम दो, जोकि प्रमुख विश्वविद्यालयों, शोध संगठनों, तथा अन्य प्रासंगिक संस्थाओं से आते हैं, और पदेन सदस्य के रूप में कार्य करते हैं।
5.पदेन सदस्य, प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अधिकतम 4 सदस्य।
6. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, एक निश्चित कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त, भारत सरकार के सचिव पद के समकक्ष।
7. सचिवालय, जैसा आवश्यक समझा जाए।

37. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** दिए गए सभी कथन सही सुमेलित हैं। प्रथम पंचवर्षीय योजना जिसकी अवधि वर्ष 1951 से 1956 तक निर्धारित थी, में कृषि को प्राथमिकता दी गई थी, यह योजना "हैरोड -डोमर मॉडल" पर आधारित थी। द्वितीय पंचवर्षीय योजना जिसकी कार्य अवधि वर्ष 1956 से 1961 तक थी, के अंतर्गत औद्योगिकरण को प्राथमिकता दी गई थी। यह योजना पीसी महालनोविस द्वारा विकसित चार क्षेत्रीय

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

मॉडलों पर आधारित थी। तृतीय पंचवर्षीय योजना जिसकी कार्य अवधि वर्ष 1961 से 1966 तक निर्धारित थी, में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी गई थी। यह योजना भारतीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर तथा स्वत: स्फूर्त बनाने के लक्ष्य के साथ प्रारंभ हुई थी।

38. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** चतुर्थ पंचवर्षीय योजना जिसकी कार्य अवधि वर्ष 1969 से वर्ष 1974 तक थी के तहत तीव्र विकास पर बल दिया गया। इसी योजना के अंतर्गत देश के 14 प्रमुख बैंकों का राष्ट्रीयकरण वर्ष 1969 में किया गया तथा बफर स्टॉक की धारणा लागू हुई।

39. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** बजट अनुमान 2023-24 के अनुसार "महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम" के लिए 60 हजार करोड़ रुपए परिव्यय का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि 2022- 23 के बजट अनुमान में इस योजना के लिए 73000 करोड रुपए परिव्यय का अनुमान था, जबकि इसी वर्ष का इस योजना के लिए संशोधित अनुमान 89400 करोड रुपए था।

40. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** रोलिंग प्लान, की अवधारणा जनता सरकार द्वारा वर्ष 1978 में लागू की गई थी। पिछड़े देशों के लिए रोलिंग प्लान का सुझाव गुन्नार मिर्डल द्वारा दिया गया था।

41. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** सार्वजनिक आय, व्यय, करारोपण, सार्वजनिक ऋण तथा हीनार्थ प्रबंधन से संबंधित नीतियों को राजकोषीय नीति कहा जाता है। राजकोषीय नीति के उपर्युक्त उपकरणों का प्रयोग सरकार अर्थव्यवस्था में रोजगार, राष्ट्रीय उत्पादन में वृद्धि, आंतरिक एवं बाह्य स्थिरता तथा आर्थिक समता जैसे उद्देश्यों की पूर्ति के लिए करती हैं।

42. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** विकल्प A असत्य है। राजकोषीय नीति का निर्धारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नहीं अपितु सरकार की बजट नीति द्वारा होता है अर्थात वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस नीति को तैयार किया जाता है, जबकि मौद्रिक नीति का निर्धारण तथा संचालन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त सभी कथन सत्य है।

43. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** ऊर्ध्वगामी कर प्रणाली जैसी कोई कर प्रणाली नहीं होती है अपितु प्रतिगामी कर प्रणाली होती है जिसमें आय के बढ़ने के साथ कर की दर कम होती जाती है। इसके अतिरिक्त प्रगतिशील कर प्रणाली में आय की वृद्धि के साथ कर की दर में वृद्धि होती है, अनुपातिक कर प्रणाली में आधार की मात्रा के बदलने के साथ कर की दर स्थिर रहती है, जबकि चौथी कर प्रणाली है प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर प्रणाली।

44. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** विकासशील देशों में आर्थिक तेजी तथा मंदी की स्थिति आती रहती है। इसे चक्रीय उच्चावचन कहते हैं। आर्थिक तेजी तथा मंदी की दशा को समाप्त कर आर्थिक स्थिरता लाने में राजकोषीय नीति का विशेष योगदान होता है। राजकोषीय नीति के मुख्य उद्देश्यों में से एक है रोजगार को बढ़ावा देना इसके अतिरिक्त आर्थिक स्थिरता लाना, निवेश को प्रोत्साहन देना, मुद्रा प्रसार पर नियंत्रण ,राष्ट्रीय आय में वृद्धि इत्यादि है। राजकोषीय नीति का उद्देश्य बेकारी मिटाना तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना होता है।

45. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** कर के साथ कर आधार पर ही किसी विशेष प्रयोजन के लिए लगाया जाने वाला कर 'उपकर' कहलाता है जैसे- स्वच्छ भारत उपकर। कर के ऊपर कर लगाने की प्रक्रिया जिसकी गणना कर दायित्व पर की जाती है 'अधिभार' कहलाता है। भारत में चेलैया समिति की अनुशंसा पर पहली बार सेवा कर 1994-95 में 3 सेवाओं- टेलीफोन, साधारण बीमा तथा शेयर दलाली पर लगाया गया था। यह कर सेवा पर लगाया जाता है।

46. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** सरकारी व्यय को नियंत्रित करने का मुख्य प्राधिकारी वित्त मंत्रालय है। वित्त मंत्रालय भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण मंत्रालय है। यह कराधान, वित्तीय कानून, वित्तीय संस्थानों, पूंजी बाजार, केंद्र तथा राज्यों का वित्त और केंद्रीय बजट से जुड़े मामले देखता है।

47. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** परिवहन कर एक प्रकार का राज्य सरकार के अप्रत्यक्ष कर के अंतर्गत शामिल एक कर है जबकि उपहार कर और निगम कर केंद्र सरकार के प्रत्यक्ष कर में और सीमा शुल्क केंद्र सरकार के अप्रत्यक्ष कर में शामिल एक कर है।

48. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** लाभांश कर तथा व्यय कर केंद्र सरकार के प्रत्यक्ष कर हैं जबकि टोल टैक्स राज्य सरकार का प्रत्यक्ष कर है। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार के प्रत्यक्ष करों में आयकर, निगम कर, संपत्ति कर, पूंजी लाभ कर, उपहार कर, लाभांश वितरण कर, प्रतिभूति व्यापार कर, ब्याज कर, अस्ति कर इत्यादि शामिल हैं। राज्य सरकार के प्रत्यक्ष करों में भू राजस्व कर, कृषि व्यवसाय पर कर, अचल संपत्तियों पर कर तथा टोल टैक्स शामिल हैं।

49. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** जो एक शीत ऋतु की फसल है जबकि सोयाबीन, कपास वर्षा काल की फसलें हैं और तरबूज ग्रीष्म काल की फसल है। शीत ऋतु की अन्य फसलें इस प्रकार हैं- गेहूं, चना, मटर, सरसों, मसूर, आलू तथा अलसी। वर्षा काल की फसलें- चावल, ज्वार, बाजरा,

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

रागी, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, कपास, सन जूट, उड़द, तंबाकू। ग्रीष्म काल की फसलें- तरबूज, खरबूज, ककड़ी, खीरा, करेला।

50. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** तृतीय कथन असत्य है क्योंकि कुसुम एक रोधी फसल है अर्थात जो फसलें खेत के बॉर्डर के रूप में या जंतुओं से सुरक्षा हेतु मुख्य फसल के चारों ओर बॉर्डर के रूप में उगाई जाती हैं उन्हें रोधी फसलें कहते हैं। यह फसलें हवा की गति को भी कम करती है जैसे चने के खेत के चारों ओर कुसुम की फसल उगाई जाती है। जबकि तंबाकू और गन्ना नगदी फसलें या व्यवसायिक फसलें हैं।

51. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** भारत के शीर्ष खाद्यान्न उत्पादक राज्यों में से प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश शामिल है जबकि द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर मध्यप्रदेश और पंजाब शामिल हैं।

52. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** मिलेट को 'श्री अन्न' से संबोधित किया गया है। भारत दुनिया में श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक एवं दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। श्री अन्न में कई प्रकार के फसल जैसे- ज्वार, रागी, बाजरा, कुट्टू, रामदाना, कंगनी, कुटकी, कोदो, चीना और सावाँ शामिल है। भारत को इसका वैश्विक केंद्र बनाने के लिए भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद को इस क्षेत्र में बढ़ावा दिया जाएगा।

53. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** कृषि वर्धक निधि की स्थापना का मुख्य उद्देश्य किसानों के सामने पेश आ रही चुनौतियों का नवोन्मेषी एवं किफायती समाधान उपलब्ध कराना। युवा उद्यमी ग्रामीण क्षेत्रों में नए एग्री स्टार्टअप खोल सके, इसे प्रोत्साहित करने के लिए कृषि वर्धक निधि स्थापित की गई है।

54. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** कृषि लागत एवं कीमत आयोग की स्थापना सन 1965 में की गई परंतु इसका नाम सन 1985 में कृषि लागत एवं कीमत आयोग किया गया। यह आयोग बाजार मूल्यों को एवं कृषि लागत को ध्यान में रखते हुए कृषि उत्पादन के न्यूनतम समर्थन मूल्य, खरीद मूल्य एवं आवंटन मूल्य का निर्धारण करने के लिए सरकार को सलाह देती है परंतु अंतिम निर्णय आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा किया जाता है। केंद्र सरकार इसकी संस्तुतियों को मानने के लिए बाध्य नहीं है। वर्तमान में आयोग द्वारा 22 फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की संस्तुति किया गया है। जिनमें खरीफ फसलें 14, रबी फसलें 6 और नगदी फसलें 2 शामिल हैं।

55. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** वर्तमान में भारत कृषि निर्यात में 13वें स्थान पर स्थित है। भारत वर्तमान में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा कृषि उत्पादक देश है परंतु कृषि निर्यात में यह काफी पीछे है। भारत का सर्वाधिक कृषि निर्यात चावल, समुद्री उत्पाद, चीनी तथा मसालों का है।

56. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** मेरीकल्चर व्यापारिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु समुद्री जीवो के उत्पादन की क्रिया को कहा जाता है जबकि सवारी एवं यातायात के लिए उन्नत प्रजाति के घोड़ों एवं खच्चरों के व्यापारिक स्तर पर पालने संबंधी कृषि का अध्ययन होर्सीकल्चर कहलाता है। अन्य विकल्प सही सुमेलित है।

57. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** पौधों में क्लोरोफिल का मुख्य तत्व मैग्नीशियम होता है न कि मैग्नीज। मैग्नीशियम ऊर्जा स्थानांतरण के लिए भी जिम्मेदार होता है। जबकि मैग्नीज एंजाइम की सक्रियता एवं प्रकाश संश्लेषण के लिए जिम्मेदार होता है। मैग्नीज की कमी से मटर में मार्श रोग, चुकंदर में चित्तीदार पीला रोग, शलजम में वाटर कोर रोग इत्यादि रोग होते हैं।

58. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** आकार में सबसे बड़ी बकरी द्वीकाजी नस्ल की जमुनापारी है। एंग्लो-नूबियन प्रजाति की बकरी को बकरी की दुनिया में जर्सी कहते हैं। विश्व की दूध की रानी स्वीटजरलैंड में जन्मी 'सानेन बकरी' को कहा जाता है जबकि मांस के लिए सबसे प्रसिद्ध प्रजाति 'बलूची' है। इसके अतिरिक्त अंगोरा प्रजाति की बकरी जिसका जन्म स्थान मध्य एशिया है, ऊन के लिए सुप्रसिद्ध मानी जाती है। मेरिनो एक भेड़ की नस्ल है जो स्पेन की मुख्य प्रजाति है। यह उनके लिए सुप्रसिद्ध है।

59. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** NPA उन ऋणों या अग्रिमों के वर्गीकरण को संदर्भित करता है, जो डिफाॅल्ट हो जाते हैं या जिनके मूलधन या ब्याज़ का अनुसूचित भुगतान बकाया होता है। अधिकतर मामलों में ऋण को गैर-निष्पादित के रूप में तब वर्गीकृत किया जाता है, जब ऋण का भुगतान न्यूनतम 90 दिनों की अवधि के लिये न किया गया हो।
नोट–देश में सबसे अधिक NPA, देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक का है इसके पास देश के कुल NPA का 24.39% अर्थात 2.01 ट्रिलियन हिस्सा है, इसके बाद पंजाब नेशनल बैंक का नंबर है।

60. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** वर्ष 2021 में केंद्रीय वित्त मंत्री ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSB) के वार्षिक प्रदर्शन की समीक्षा की और EASE 4.0 या एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस रिफॉर्म एजेंडा (Enhanced Access and Service Excellence Reform Agenda-EASE) लॉन्च किया था।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

61. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** यह योजना वित्तीय समावेश पर एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसका उद्देश्य देश में सभी परिवारों को बैंकिंग सुविधाएं मुहैया कराना और हर परिवार का एक बैंक खाता खोलना है ।28 अगस्त 2014 को 'प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) नामक राष्ट्रीय मिशन का शुभारंभ किया गया था यह मिशन दो चरणों में लागू किया गया है।

62. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना भारत सरकार द्वारा समर्थित दुर्घटना बीमा योजना है। इसका आरम्भ भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9 मई 2015 को कोलकाता में किया था। इसमें18 से 70 वर्ष की आयु के सभी बचत बैंक खाताधारक शामिल होने के हकदार हैं।

63. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और विदेशी बैंकों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण देने के लिए अपने समायोजित नेट बैंक क्रेडिट (ANDC) के 40% को अलग करने के लिए अनिवार्य है।
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों और छोटे वित्त बैंकों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को 75%समायोजित नेट बैंक क्रेडिट ANDC आवंटित करना है।

64. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** विभेदित बैंक विशिष्ट बैंकिंग सेवाएं और उत्पाद प्रदान करने के लिए आरबीआई द्वारा लाइसेंस प्राप्त बैंकिंग संस्थान हैं।एक विभेदित लाइसेंस एक बैंक को केवल चुनिंदा क्षेत्रों में उत्पादों की पेशकश करने की अनुमति देगा। इसकी सिफारिश नचिकेत मोर समिति द्वारा की गई थी।

65. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** रिवर्स रेपो रेट में कमी को विस्तारवादी मौद्रिक नीति कदम माना जाता है। यह तरलता को प्रेरित करता है, यानी बाजार में पैसे की आपूर्ति बढ़ाता है । जबकि प्रश्न के विकल्प में रिवर्स रेपो रेट में वृद्धि लिखा हुआ है इसलिए वह कथन गलत होगा

66. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) की स्थापना 26 सितंबर, 1975 को प्रख्यापित अध्यादेश और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 के प्रावधानों के तहत वर्ष 1975 में की गई थी। अधिनियम के अनुसार आरआरबी का स्वामित्व केंद्र सरकार (50%), राज्य सरकार (15%), और प्रायोजक बैंक (35%) है।

67. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक या सिडबी (Small Industries Development Bank of India) भारत की स्वतंत्र एक वित्तीय संस्था है जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की वृद्धि एवं विकास के लक्ष्य से स्थापित किया गया है। इसका मुख्यालय लखनऊ में है और समग्र देश में इसके कार्यालय हैं।

68. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** मौद्रिक नीति समिति (Monetary Policy Committee / एमपीसी), भारत सरकार द्वारा गठित एक समिति है जिसका गठन ब्याज दर निर्धारण को अधिक उपयोगी एवं पारदर्शी बनाने के लिये किया जाता है भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर इसके अध्यक्ष होते हैं

69. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** वित्तीय समावेशन सूचकांक की अवधारणा एक व्यापक सूचकांक के रूप में की गई है जिसमें सरकार और क्षेत्रीय नियामकों के परामर्श से बैंकिंग, बीमा, निवेश, डाक तथा पेंशन क्षेत्र का विवरण शामिल है।
इसे RBI द्वारा वर्ष 2021 में बिना किसी 'आधार वर्ष' के विकसित किया गया था और प्रत्येक वर्ष जुलाई में प्रकाशित किया जाता है।

70. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** वित्त की दुनिया में, फिएट मनी सरकार द्वारा जारी एक मुद्रा है। इसका अपना कोई मूल्य नहीं है, लेकिन इसका मूल्य सरकारी नियमों से लिया गया है। इसको सरल भाषा में समझिए– मान लेते हैं, 500 का नोट है जिसका वास्तविक मूल्य 500 नहीं है लेकिन भारत सरकार द्वारा धारक को वचन देने पर उसका मूल्य ₹500 हो जाता है क्योंकि उसका मूल्य सरकारी नियमों से लिया गया है।

71. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट आईएमएफ द्वारा जारी की जाती है। जबकि विश्व विकास रिपोर्ट, ईज ऑफ़ डूइंग बिजिनेस रिपोर्ट, अर्द्ध वार्षिक वैश्विक आर्थिक सम्भावना रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा जारी की जाती है।

72. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** भुगतान संतुलन के चालू खाते में दृश्य और अदृश्य आयात और निर्यात कीमतों को सम्मिलित किया जाता है। इसमें वस्तुओं की परिवहन लागत, बीमा के प्रीमियम भुगतान, अनुदान, प्रवासियों द्वारा प्रेषित धनराशि, व्यापारिक ऋणों का भुगतान आदि।इन मदों का अर्थव्यवस्था के आय, उत्पादन व् रोजगार पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

73. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** रिजर्व बैंक द्वारा 19 अगस्त 1994 को रुपए को चालू खाते में पूर्णता परिवर्तनीय घोषित कर दिया गया था।अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन की प्रक्रिया में मुद्रा का परिवर्तन होना आवश्यक है, मुद्रा(रूपये) की परिवर्तनीयता का अभिप्राय निर्यात एवं अन्य वैधानिक माध्यमों से अर्जित विदेशी मुद्रा को सरकारी या बाजार विनिमय दर पर

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

स्वदेशी मुद्रा में बदलना है।भारत में पूंजी खाते में केवल आंशिक परिवर्तनीयता लागू है।

74. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** भारत का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र 1965 में गुजरात के कांडला में स्थापित किया गया है। इसकी स्थापना का उद्देश्य देश से निर्यातित वस्तुओं के लिए उपयुक्त वातावरण उत्पन्न करना था ताकि वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बना सकें।

75. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** SDR अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की मुद्रा है, इसे आईएमएफ ने 1970 में मुद्रा के रूप में अपनाया था। यह एक कृत्रिम मुद्रा है इसका मूल्य बास्केट ऑफ़ करेंसी में शामिल मुद्राओं के औसत भार के आधार पर किया जाता है। वर्तमान में बास्केट ऑफ करेंसी में 5 मुद्दे शामिल है अमेरिकी डॉलर, यूरो, चीनी रेंमिबी, जापानी येन, ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग। आईएमएफ ने सदस्य देशों को एसडीआर का आवंटन उनके द्वारा रखे गए रिजर्व ट्रैंच के आधार पर किया है।

76. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** अवमूल्यन के तहत विदेशी मुद्रा के परिप्रेक्ष्य में घरेलू मुद्रा का मूल्य गिरा दिया जाता है। स्थिर विनिमय प्रणाली में सरकार या मौद्रिक प्राधिकरण द्वारा जानबूझकर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया है इसके माध्यम से किसी देश द्वारा अपने निर्यात को बढ़ाया जाता है तथा आयात में कमी लाई जाती है। मुद्रा के मूल्य में कमी लाने से निर्यात सस्ते और आयात मंहगे हो जाते हैं।

77. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री ने विदेश व्यापार नीति (FTP) 2023 लॉन्च की, जो 1 अप्रैल, 2023 से लागू हुई। FTP 2023 एक नीति दस्तावेज़ है जो निर्यात को सुगम बनाने वाली समय-परीक्षणित योजनाओं (Time-tested schemes facilitating exports) की निरंतरता पर आधारित है। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत के समग्र निर्यात को 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाना है, जिसमें वस्तु एवं सेवा क्षेत्रों का समान योगदान होगा।

78. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** आर्थिक समीक्षा 2022-23 के तहत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अन्तर्वाह के संदर्भ में सिंगापुर भारत में शीर्ष निवेश करने वाला देश है इसके बाद मॉरीशस है। कुल FDI अन्तर्वाह में सिंगापुर का 37 प्रतिशत हिस्सा है।

79. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** विश्व बैंक के तहत 2022 में विदेशों से भेजे जाने वाले शीर्ष धन में शीर्ष 'धन प्रेषण' प्राप्तकर्ता देशों में भारत का प्रथम स्थान है दूसरे स्थान पर मैक्स्को तथा तीसरे स्थान पर चीन है। विश्व बैंक के अनुसार वर्ष 2022 में 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रत्याशित धन प्रेषण स्तर के साथ भारत शीर्ष प्रेषण प्राप्तकर्ता देश रहा है।

80. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सदस्य देशों के भुगतान सन्तुलन को ठीक करने लिए अल्पकालीन ऋण प्रदान करता है। आईएमएफ का गठन ब्रेटनवुड्स समझौते के तहत 1944 में हुआ था। इसका मुख्यालय वाशिंगटन डी सी में स्थित है।

81. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** शंघाई सहयोग संगठन का गठन 1996 में शंघाई फाइव के रूप में किया गया था ।वर्ष 2001 में SCO के गठन से पहले, कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस और ताजिकिस्तान शंघाई फाइव के सदस्य थे।वर्ष 2001 में SCO के गठन से पहले, कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस और ताजिकिस्तान शंघाई फाइव के सदस्य थे।वर्ष 2001 में संगठन में उज़्बेकिस्तान के शामिल होने के बाद शंघाई फाइव का नाम बदलकर SCO कर दिया गया।भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने।वर्तमान सदस्य: कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान।ईरान 2023 में SCO का स्थायी सदस्य बनने के लिये तैयार है।

82. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** बौद्धिक सम्पदा अधिकार से सम्बंधित व्यापार की निगरानी विश्व व्यापार संगठन करता है।
बौद्धिक सम्पदा (Intellectual property) किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा सृजित कोई संगीत, साहित्यिक कृति, कला, खोज, प्रतीक, नाम, चित्र, डिजाइन, कापीराइट, ट्रेडमार्क, पेटेन्ट आदि को कहते हैं। भारत में सर्वप्रथम वर्ष 1911 में भारतीय पेटेंट और डिज़ाइन अधिनियम बनाया गया था। पुनः स्वतंत्रता के बाद 1970 में पेटेंट अधिनियम बना और इसे वर्ष 1972 से लागू किया गया। इस अधिनियम में पेटेंट (संशोधन) अधिनियम, 2002 और पेटेंट (संशोधन) अधिनियम, 2005 द्वारा संशोधन किये गए।

83. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** दक्षेस यानि सार्क की स्थापना ढाका शिखर सम्मेलन के निर्णयानुसार 1985 में हुई थी। इसके सदस्य देश भारत, पाकिस्तान, मालदीव, बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल और अफगानिस्तान हैं। इसका मुख्यालय काठमांडू में स्थित है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

84. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** एशियाई विकास बैंक का मुख्यालय मनीला में है, इसकी स्थापना 1966 में हुई थी। जबकि बीजिंग (चीन) में एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक AIIB का मुख्यालय है जिसकी स्थापना 2015 में हुई।

85. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** G20 की स्थापना ब्रिटेन में 1999 में हुई यह विश्व के 20 औद्योगिक एवं विकासशील देशों का संगठन है। हाल ही वर्ष 2023 का इसका सम्मेलन भारत में सम्पन्न हुआ। इस संगठन का उद्देश्य मध्यम आय वाले देशों को शामिल करके वैश्विक वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित करना है।
G20 देशों में दुनिया की 60% आबादी, वैश्विक जीडीपी का 80% और वैश्विक व्यापार का 75% शामिल है।G20 समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, यूरोपियन यूनियन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, कोरिया गणराज्य, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।

86. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** कृषि क्षेत्र में प्रच्छन्न / छिपी हुई बेरोजगारी की प्रधानता है। कृषि के क्षेत्र में आवश्यकता से अधिक लोग कृषि क्षेत्र में लगे हुए हैं, यदि उनमे से कुछ लोगों को वहाँ से हटा दिया जाए, तो उत्पादन पर कोई प्रभाव नही पड़ता है, अर्थात उन व्यक्तियों की सीमांत उत्पादकता शून्य होती है।
इस प्रकार की बेरोजगारी का उल्लेख रॉबिन्सन ने किया था।

87. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** बाजार की दशाओं में यानि मांग और पूर्ति की शक्तियों में परिवर्तन के कारण उत्तपन्न होने वाली बेरोजगारी को घर्षनात्मक बेरोजगारी कहते हैं।।

88. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** अर्थव्यवस्था में तेजी या मंदी होने की स्थिति में चक्रीय बेरोजगारी उत्तपन्न होती है।
जब अर्थव्यवस्था में तेजी होती है, मांग बढ़ जाती है, उद्योगों में अधिक लोगों का नियोजन होता है, ज्यादा लोगों को रोजगार की प्राप्ति होती है। लेकिन जब मंदी की स्थिति आ जाती है, तब काम मे लगे लोगो को उनके कार्य से हटा दिया जाता है, अर्थात वह बेरोजगार हो जाते हैं,।
यह स्थायी बेरोजगारी नही होती है चक्र के रूप में चलती रहती है।

89. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** दिए गए दोनो कथन सत्य हैं

- विकसित देशों में बेरोजगारी का मूल कारण समर्थ मांग या व्यय में कमी होना है।
- विकासशील देशों में अल्प रोजगार की स्थिति पायी जाती है।
- अल्प रोजगार से मतलब होता है, वर्ष के कुछ ही महीनों में रोजगार की प्राप्ति होती है ,शेष समय मे वह बेरोजगार रहते हैं।
- कृषि के क्षेत्र में इस प्रकार की बेरोजगारी देखने को मिलती है।

90. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** भारत मे गरीबी को कैलोरी प्राप्ति के आधार पर परिभाषित किया गया है।
नीति आयोग के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2400 कैलोरी तथा शहरी क्षेत्र में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 2100 कैलोरी का पोषण प्राप्त न कर सकने वाला व्यक्ति गरीबी की रेखा के नीचे अर्थात् गरीब माना जाता है।

91. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** कथन और कारण दोनो सत्य हैं, तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

92. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** राष्ट्रीय आय की ऊंची दर समावेशी विकास में सहायक नही होती है ।समावेशी विकास से आशय होता है, समाज में सबसे नीचे रहने वाले व्यक्ति को समान अवसर उपलब्ध हो, तथा योजनाओं का लाभ निम्न तबके के लोग भी प्राप्त करें।

93. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** बहुआयामी गरीबी सूचकांक भारत मे गरीबी की तीव्रता को माप करता है।
एक व्यक्ति बहुआयामी रूप से गरीब है यदि वह भारित संकेतकों (दस संकेतकों में से) के एक-तिहाई या अधिक (अर्थात् 33% या अधिक) से वंचित है। जो लोग आधे या अधिक भारित संकेतकों से वंचित हैं, उन्हें अत्यधिक बहुआयामी गरीबी में रहने वाला माना जाता है।

94. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** 1991 में फेरवानी समिति की सिफारिश पर 1992 में राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना की गई थी।
यह भारत का तकनीकी रूप से अग्रणी स्टॉक एक्सचेंज है।

95. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** मुम्बई स्टॉक एक्सचेंज में जिसे BSE सूचकांक भी कहा जाता है।
उसमे 30 संवेदी सूचकांक सम्मिलित है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

96. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** शेयर बाजार की कार्यवाहियों को सेबी द्वारा नियंत्रित और विनियमित किया जाता है।
सेबी को 1992 में वैधानिक संस्था का दर्जा प्रदान किया था।
इसका मुख्यालय मुंबई में स्थित है।

97. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** इरडा बीमा व्यवसाय को नियंत्रित करता है।

98. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** भारत मे लघु उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सिडबी की स्थापना की गई है।
1989 में इस संस्था की स्थापना की गई थी।

99. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की सहायता के लिए, उद्यमी हेल्पलाइन को शुरू किया गया है।

100. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** विकल्प में दिए सभी भारतीय यूनिट ट्रस्ट के उद्देश्यों में सम्मिलित हैं।

101. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** CPI के चार प्रकार निम्नलिखित हैं:
1. औद्योगिक श्रमिकों (Industrial Workers-IW) के लिये CPI
2. कृषि मज़दूर (Agricultural Labourer-AL) के लिये CPI
3. ग्रामीण मज़दूर (Rural Labourer-RL) के लिये CPI
4. CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त)

इनमें से प्रथम तीन को श्रम और रोज़गार मंत्रालय में श्रम ब्यूरो (labor Bureau) द्वारा संकलित किया गया है। जबकि चौथे प्रकार की CPI को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (Ministry of Statistics and Programme Implementation) के अंतर्गत केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (Central Statistical Organisation-CSO) द्वारा संकलित किया जाता है।
▪CPI का आधार वर्ष 2012 है।

102. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** स्टैगफ्लेशन (मुद्रास्फीतिजनित मंदी) एक ऐसी स्थिति है जिसमें अर्थव्यवस्था मुद्रास्फीति और बेरोजगारी की उच्च दर का सामना करती है।
स्टैगफ्लेशन (मुद्रास्फीतिजनित मंदी) के परिणामस्वरूप उच्च मुद्रास्फीति, विकासहीनता और बेरोजगारी होती है।
यह उच्च कीमत और कोई आर्थिक विकास नहीं होने की स्थिति उत्पन्न करता है। परिणामस्वरूप, यह रोजगार की कमी को बढ़ाता है।

103. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** लागत प्रेरित मुद्रास्फीति, श्रम, कच्चे माल आदि जैसे आदानों की कीमतों में वृद्धि के कारण होने वाली मुद्रास्फीति है। उत्पादन के कारकों की बढ़ी हुई कीमत इन वस्तुओं की आपूर्ति में कमी की ओर ले जाती है। जबकि मांग स्थिर रहती है, वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होती है जिससे समग्र मूल्य स्तर में वृद्धि होती है।

104. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** मुद्रास्फीति के कारण उत्पादक तथा उद्यमी वर्ग को लाभ होता है क्योंकि उत्पादक जिन वस्तुओं का उत्पादन करते हैं उनकी कीमतें बढ़ रही होती हैं तथा मज़दूरी में भी वृद्धि कीमतों की तुलना में कम होती है। इस प्रकार मुद्रास्फीति से उद्यमी तथा उत्पादकों का फायदा होता है।

105. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** अर्थशास्त्र के सन्दर्भ में, फिलिप्स वक्र किसी अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी और मुद्रास्फीति की दरों के बीच सम्बन्ध बताने वाला वक्र है। इसके अनुसार, बेरोजगारी और मुद्रास्फीति की दरों के बीच व्युत्क्रम सम्बन्ध होता है। अर्थात, अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति बढ़ने पर बेरोजगारी कम होती है।

106. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-**
हाइपरइन्फ्लेशन: उस स्थिति को कहते है जहां कीमतें खतरनाक रूप से उच्च दर से बढ़ती हैं। कीमतें इतनी तेजी से बढ़ती हैं कि इसके परिमाण को मापना बहुत मुश्किल हो जाता है। हालाँकि, मात्रात्मक शब्दों में, जब कीमतें प्रति वर्ष 1000% से ऊपर बढ़ जाती हैं, तो इसे हाइपरइन्फ्लेशन कहा जाता है। हाइपरफ्लिनेशन की सबसे खराब स्थिति के दौरान, प्रभावित देश की राष्ट्रीय मुद्रा (धन) का मूल्य लगभग शून्य हो जाता है। कागजी धन बेकार हो जाता है, और लोग या तो सोने और चांदी में व्यापार करना शुरू कर देते हैं या कभी-कभी वाणिज्य की पुरानी वस्तु विनिमय प्रणाली का भी उपयोग करते हैं। हाइपरफ्लिनेशन के उदाहरणों में 1920 के दशक में जर्मनी, 2000 के दशक में जिम्बाब्वे और 2010 के दशक में वेनेज़ुएला शामिल हैं। आखिरी बार अमेरिका ने हाइपरफ्लिनेशन का अनुभव अपने गृहयुद्ध के दौरान किया था।

107. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** वर्तमान में RBI का प्राथमिक उद्देश्य 4% मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करना है। RBI के पास +/- 2% का एक सुविधा क्षेत्र है जिसके भीतर मुद्रास्फीति बनी रहनी चाहिये। इसका अर्थ है कि RBI का लक्ष्य मुद्रास्फीति दर को 2% से 6% के बीच रखना है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

108. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** देश का प्रथम पर्यावरण अनुकूल शेयर सूचकांक ग्रीनेक्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज द्वारा वर्ष 2012 से जारी किया जा रहा है। वर्तमान समय में इस सूचकांक में कुल 25 कंपनियों के शेयर शामिल है। जिनके निष्पादन का मूल्यांकन ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, बाजार पूंजीकरण तथा टर्नओवर के आधार पर किया जाता है।

109. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** वैसे शेयर जिनका क्रय-विक्रय नियमित रूप से प्रतिदिन शेयर बाजार में होता है एक्टिव शेयर कहलाते हैं। कांट्रेरियन शेयर में उन शेयरों को सम्मिलित किया जाता है जो बाजार के रुख से अलग दिशा में चलते हैं अर्थात बाजार में शेयरों के भाव में वृद्धि हो रही है तो इन शेयरों के भाव कम हो जाते हैं और यदि बाजार करो गिरावट का है तो इन शेयरों का मूल्य बढ़ जाता है।

110. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** णात्मक साख नियंत्रण का प्रयोग अर्थव्यवस्था के विशेष क्षेत्र में ऋण वितरण को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। तरलता समायोजन सुविधा (LAF)/ परिमाणात्माक साख नियंत्रण के अंतर्गत शामिल उपाय हैं।

111. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-**
प्रधानमंत्री वय वंदन योजना - मई 2017
किसान मान –धन योजना - सितम्बर, 2019
प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना – जून, 2020
प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना - दिसम्बर, 2016

112. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत 2018 में हुई, जिसके तहत 5 लाख रुपये बीमा राशि कवर प्रति परिवार को प्रदान किया जाता है। यह विश्व की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा योजना है।

113. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** 'सुकन्या समृद्धि योजना' की शुरुआत "बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं" योजना के अंग के रुप में हुई। इस योजना के तहत खाते में जमा राशि पर जो ब्याज दर की जाती है। वो परिवर्तित रहती है जिसे समय – समय पर रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित किया जाता है।

114. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** पी.एम.श्री योजना की शुरुआत 5 सितम्बर, 2022 को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। इस योजना के तहत स्कूलों के चयन के लिए कुछ मानक बनाए गए है। यह केन्द्र सरकार प्रायोजित योजना है जिसमें स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष रुप से बल दिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य स्कूलों को आदर्श विद्यालय बनाना है।

115. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-**
उज्जवला योजना- 1 मई 2016
निर्विक योजना - 14 सितम्बर, 2019
तेजस्विनी योजना - 22 दिसम्बर, 2019
सहज योजना - 30 अगस्त, 2015

116. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-**
उड़ान योजना - उड़े देश का आम नागरिक
यह योजना 21 अक्टूबर, 2016 को प्रारम्भ की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य देश के छोटे शहरों में रहने वाले अधिकाधिक लोगें को हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान करता है।

117. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** एरो योजना अगस्त, 2018 को प्रारम्भ हुई, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के डाकघरों को उन्नत बनाना है।

118. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले रोगों के मुफ्त इलाज हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'आरोग्य श्री' योजना शुरु की है। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को हर वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा।

119. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** दोनों कथन सत्य है।
जल जीवन मिशन (शहरी) योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी स्थानीय निकायों में सार्वभौमिक (universal) जलापूर्ति करना है। इस योजना के उद्देश्य है –
1. 2.86 करोड़ परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराना
2. 500 अमृत शहरों मे कचरा प्रबंधन करना।

120. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** जननी सुरक्षा योजना – 12 अप्रैल, 2005
जन श्री बीमा योजना – 10 अगस्त, 2000
अटल पेंशन योजना – 1 जून, 2015
सौभाग्य योजना – 25 सितम्बर, 2017

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

121. **उत्तर- C**

**व्याख्या:-**

दोनों कथन सही है।

प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत 8 क्षेत्रों मे प्रमुखता से कमियों को कम करने की परिकल्पना करती है, जो निम्न है –

1. सड़क सम्पर्क
2. विद्यालय
3. आंगनबाड़ी केन्द्र
4. स्वास्थ्य उपकेन्द्र
5. दूरसंचार संपर्क
6. जल निकासी
7. पेयजल सुविधा
8. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

122. **उत्तर- C**

**व्याख्या:-** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भाग्य लक्ष्मी योजना शुरु की गई है।

भाग्य लक्ष्मी योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता गरीब परिवार में जन्मी बेटियों के परिवार को प्रदान की जाती है। साथ ही बेटी की माँ को 5100 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

123. **उत्तर- D**

**व्याख्या:-** केंद्रीय बजट 2023- 24 को "अमृत काल के लिए विजन" नाम दिया गया है। इसके अंतर्गत शामिल हैं-युवा वर्ग पर विशेष ध्यान देते हुए नागरिकों के लिए अवसर, रोजगार सृजन में वृद्धि तथा सुदृढ़ और स्थिर वृहद आर्थिक वातावरण। अतः उपर्युक्त सभी कथन सही हैं।

124. **उत्तर- D**

**व्याख्या:-** केंद्रीय बजट 2023- 24 के अनुसार "अमृत काल के सप्तर्षि प्राथमिकताओं" में शामिल है-1. समावेशी विकास, 2. अंतिम छोर तक पहुंचना, 3. युवा शक्ति,4. वित्तीय क्षेत्र, 5. हरित विकास, 6. क्षमता उभारना, 7. अवसंरचना और निवेश। इस प्रकार इसके अंतर्गत नारी सशक्तिकरण शामिल नहीं है।

125. **उत्तर- B**

**व्याख्या:-** हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट के अंतर्गत भारत को मिलेट का वैश्विक केंद्र बनाने के उद्देश्य से "श्री अन्न "योजना शुरू करने की घोषणा की गई है तथा अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आईआईएमआर हैदराबाद को सहायता दिए जाने का भी प्रावधान किया गया है।

126. **उत्तर- A**

**व्याख्या:-** हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट के अनुसार "उपलब्धियां- समावेशी विकास" शीर्षक के अनुसार अब तक कुल 9 करोड़ ग्रामीण घरों को पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है।

127. **उत्तर- C**

**व्याख्या:-** हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट के अनुसार विभिन्न विशिष्ट मंत्रालयों के लिए आवंटित धनराशि (लाख करोड़ रुपए) निम्न है-

- रक्षा मंत्रालय-5.94
- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय-2.70
- रेल मंत्रालय-2.41
- उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय-2.06
- गृह मंत्रालय-1.96
- रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय-1.78
- ग्रामीण विकास मंत्रालय-1.60
- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय-1.25
- संचार मंत्रालय-1.23।

128. **उत्तर- C**

**व्याख्या:-** वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के अनुसार, वर्तमान में उत्तर प्रदेश कुल 24 करोड़ जनसंख्या के साथ देश की सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है।

129. **उत्तर- B**

**व्याख्या:-** वित्तीय वर्ष 2023- 24 के बजट अनुमानों के आधार पर देश की जीडीपी में उत्तर प्रदेश का कुल योगदान 8% से अधिक का है। वर्ष 2021- 22 में प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में कुल 16.8% की वृद्धि दर्ज की गई है, वहीं वित्तीय वर्ष2023- 2024 के लिए यह 19% अनुमानित की गई है।

130. **उत्तर- B**

**व्याख्या:-** केंद्रीय बजट 2023-24 के अनुसार, भारत हरित उद्योग और आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए वर्ष 2070 तक "पंचामृत" तथा "निवल-शून्य कार्बन उत्सर्जन" की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए हरित हाइड्रोजन मिशन की शुरुआत की गई है।

131. **उत्तर- A**

**व्याख्या:-** आकांक्षी जिले कार्यक्रम की सफलता को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने हाल ही में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और आधारभूत संरचना जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनिवार्य सरकारी सेवाओं की पूर्ण उपलब्धता के लिए 500 ब्लॉकों को कवर करते हुए आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम शुरू

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

किया है।

132. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** हाल ही में प्रस्तुत बजट अनुमानों के अनुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। यह योजना प्रदेश के 71 जनपदों में संचालित की जा रही है।

133. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** वर्ष 2021 में भारत शीर्ष 10 सेवा निर्यातक देशों में शामिल होने के कारण सेवा व्यापार क्षेत्र में एक प्रमुख राष्ट्र रहा है, जिसमें विश्व वाणिज्यिक सेवाओं के निर्यात में अपनी हिस्सेदारी को वर्ष 2015 के 3% से बढ़ाकर वर्ष 2021 में 4% कर लिया है।

134. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** वर्ष 2022 में सर्वाधिक शीर्ष विदेशी मुद्रा प्राप्तकर्ता देश है भारत 100 मिलियन डॉलर, मैक्सिको 60 मिलियन डॉलर, चीन 51 मिलियन डॉलर, फिलिपिंस 38 मिलियन डॉलर , मिस्र 32 मिलियन डॉलर। इस प्रकार विकल्प ए सही होगा।

135. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** वर्ष 2023 में अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष (International Year of Millets- IYM) मनाने के भारत के प्रस्ताव को वर्ष 2018 में खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा अनुमोदित किया गया था तथा संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया है।
▪पोषक अनाज एक सामूहिक शब्द है जो कई छोटे-बीज वाले फसलों को संदर्भित करता है,भारत में उपलब्ध कुछ सामान्य फसलों में बाजरा रागी (फिंगर मिलेट), ज्वार (सोरघम), समा (छोटा बाजरा), बाजरा (मोती बाजरा) और वरिगा (प्रोसो मिलेट) शामिल हैं।

136. **उत्तर- C**
**व्याख्या:-** उपर्युक्त सभी कथन सही है ,भारत दुग्ध उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान पर है वही अंडा उत्पादन में तीसरे और मांस उत्पादन में आठवें स्थान पर है।

137. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** देखो अपना देश पर्यटन योजना के अंतर्गत देश में कुल 50 स्थलों का चयन किया गया है। पहले इससे योजना के अंतर्गत 15 स्थानों का चयन किया गया था लेकिन वर्तमान में स्थलों की संख्या को बढ़ाकर 50 कर दिया गया है।

138. **उत्तर- B**
**व्याख्या:-** *नाबार्ड की स्थापना- 12 जुलाई 1982
* क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक- 2 अक्टूबर 1975
* 6 बैंको का राष्ट्रीयकरण - 1980
***नोट- 14 बैंकों का राष्ट्रीय कारण चौथी पंचवर्षीय योजना में जुलाई 1969 में किया गया था***

139. **उत्तर- D**
**व्याख्या:-** बहुआयामी गरीबी मूल्यांकन का उद्देश्य गरीबी के गैर-आय आधारित आयामों को मापना, गरीबी और अभाव की सीमा का अधिक व्यापक मूल्यांकन प्रदान करना है।सूचकांक 3 आयामों( स्वास्थ्य, शिक्षा, और जीवन स्तर) और 10 संकेतकों के सहारे एक व्यक्ति के अभाव को मापता है: स्वास्थ्य (बाल मृत्यु दर, पोषण), शिक्षा (स्कूली शिक्षा के वर्ष, नामांकन), और जीवन स्तर (पानी, स्वच्छता, बिजली, खाना पकाने का ईंधन और संपत्ति।इसे पहली बार 2010 में OPHI और UNDP के मानव विकास रिपोर्ट कार्यालय द्वारा लॉन्च किया गया था।

140. **उत्तर- A**
**व्याख्या:-** योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च 1950 को हुई थी। भारत की पहली पंचवर्षीय योजना की शुरुआत 1 अप्रैल 1951 से प्रारम्भ हुई थी। राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना 6 अगस्त 1952 को हुई थी।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# Daily Current Affairs PDF, Best Test Series, Best GK PDF के लिए हमें Follow करें

हमें FOLLOW करें

- Telegram
- Whatsapp
- Instagram
- Apps
- Youtube

GK Trick By Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

Welcome To

## GK TRICK BY NITIN GUPTA APP

### यहाँ पर आपको मिलेगा

- Best PDF Notes For All Exams
- Best Test Series For All Exams
- Daily Current Affairs PDF
- सभी Course बहुत ही कम Price पर
- सभी Test Detail Discription के साथ व Analysis करने को सुविधा

